भारत सरकार/Government of India
अंतरिक्ष विभाग/Department of Space
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/Indian Space Research Organisation
द्रव नोदन प्रणाली केंद्र /LIQUID PROPULSION SYSTEMS CENTRE
वलियमला पी.ओ., तिरुवनंतपुरम/ VALIAMALA P.O., THIRUVANANTHAPURAM-695 547

# विज्ञापन सं. एलपीएससी / 01/2024 दिनांक 19.08.2024
# Advertisement No. LPSC/01/2024 dated 19.08.2024

तिरुवनंतपुरम के समीप वलियमला और बेंगलूरु में स्थित एल पी एस सी यूनिटों के लिए निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
Applications are invited for the following posts in LPSC Units located at Valiamala near Thiruvananthapuram and at Bengaluru:

| पद सं Post No. | अध्ययन का विषय Discipline | रिक्तियों की संख्या No. of vacancies | तैनाती स्थान- एवं रिक्तियों की संख्या Place of Posting & No. of Vacancies | आरक्षण के विवरण Reservation Details | | | | | अनिवार्य योग्यताएं तथा अनुभव Essential Qualifications and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. UR | अ.पि.व OBC | अ.जा SC | अ.ज.जा ST | आ.क.व EWS | |
| पद का नाम : तकनीकी सहायक - स्तर 7 (वेतन मैट्रिक्स : ₹44900/- ₹1,42,400)<br>Name of Post: Technical Assistant – Level 7 (Pay Matrix: ₹44,900/- - ₹1,42,400/-) | | | | | | | | | |
| 773 | यांत्रिकी Mechanical | 10* | वलियमला Valiamala (08) | 04 | 02 | 01 | - | 01 | प्रथम श्रेणी के साथ यांत्रिकी इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा/ Three year Diploma in Mechanical Engineering with First Class. |
| | | | बेंगलुरू Bengaluru (02) | - | - | - | 01 | 01 | |
| | | | *10 पदों में से, 01 पद पी डब्ल्यू बी डी–एल वी के लिए आरक्षित हैं।<br>* Out of 10, 01 post is reserved for PWBD-LV | | | | | | |
| 774 | इलेक्ट्रिकल Electrical | 01 | बेंगलुरू Bengaluru (01) | - | 01 | - | - | - | प्रथम श्रेणी के साथ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा/ Three year Diploma in Electrical Engineering with First Class. |
| पद का नाम : तकनीशियन 'बी'- स्तर 3 (वेतन मैट्रिक्स : ₹21,700/- ₹69,100/-)<br>Name of Post: Technician 'B' – Level 3 (Pay Matrix: ₹21,700/- - ₹69,100/-) | | | | | | | | | |
| 775 | वेल्डर Welder | 01 | वलियमला Valiamala (01) | - | 01 | - | - | - | एस एस एल सी/एस एस सी उत्तीर्ण + एन सी वी टी से वेल्डर ट्रेड में आई टी आई / एन टी सी/एन ए सी<br>SSLC/SSC pass + ITI/NTC/ NAC in Welder Trade from NCVT |
| 776 | इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक Electronic Mechanic | 02* | वलियमला Valiamala (02) | 01 | 01 | - | - | - | एस एस एल सी/एस एस सी उत्तीर्ण + एन सी वी टी से इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक ट्रेड में आई टी आई/ एन टी सी/एन ए सी<br>SSLC/SSC pass + ITI/NTC/ NAC in Electronic Mechanic Trade from NCVT |
| | | | | *02 पदों में से, 01 पद निम्नवत (क) से (ग) तक के पी डब्ल्यू बी डी–एम डी के लिए आरक्षित हैं।<br>* Out of 02, 01 post is reserved for PWBD-MD, from (a) to (c) below:-<br>(क/a) एलवी/LV, (ख/b) एचएच/HH<br>(ग/c) ओए/OA, ओएल/OL, ओएएल/OAL, डीडब्ल्यू/Dw, एलसी/LC, सीपी/CP, ओएच/OH | | | | | |
| 777 | टर्नर Turner | 01 | वलियमला Valiamala (01) | 01 | - | - | - | - | एस एस एल सी/एस एस सी उत्तीर्ण + एन सी वी टी से टर्नर ट्रेड में आई टी आई/एन टी सी/एन ए सी<br>SSLC/SSC pass + ITI/NTC/NAC in Turner Trade from NCVT |

| पद सं Post No. | अध्ययन का विषय Discipline | रिक्तियों की संख्या No. of vacancies | तैनाती-स्थान एवं रिक्तियों की संख्या Place of Posting & No. of Vacancies | आरक्षण के विवरण Reservation Details | | | | | अनिवार्य योग्यताएं तथा अनुभव Essential Qualifications and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. UR | अ.पि.व OBC | अ.जा SC | अ.ज.जा ST | आ.क.व EWS | |
| 778 | मेकैनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स Mechanic Auto Electrical and Electronics | 01 | वलियमला Valiamala (01) | 01 | - | - | - | - | एस एस एल सी/एस एस सी उत्तीर्ण + एन सी वी टी से मेकैनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में आई टी आई/एन टी सी /एन ए सी SSLC/SSC pass + ITI/NTC/NAC in Mechanic Auto Electrical and Electronics Trade from NCVT |
| 779 | फिटर Fitter | 05* | वलियमला Valiamala (03) | 01 | 01 | 01 | - | - | एस एस एल सी/एस एस सी उत्तीर्ण + एन सी वी टी से फिटर ट्रेड में आई टी आई/एन टी सी/एन ए सी SSLC/SSC pass + ITI/NTC/NAC in Fitter Trade from NCVT |
| | | | बेंगलुरू Bengaluru (02) | - | 01 | - | - | 01 | |
| | | | * कुल 05 पदों में से, 01 पद पूर्वसैनिकों के लिए आरक्षित है। Out of 05 posts, 01 post is reserved for Ex-servicemen. | | | | | | |
| 780 | मशीनिस्ट Machinist | 01 | बेंगलुरू Bengaluru (01) | - | 01 | - | - | - | एस एस एल सी/एस एस सी उत्तीर्ण + एन सी वी टी से मशीनिस्ट ट्रेड में आई टी आई/एन टी सी/एन ए सी SSLC/SSC pass + ITI/NTC/NAC in Machinist Trade from NCVT |
| पद का नामः भारी वाहन चालक 'ए' –स्तर 2 ( वेतन मैट्रिक्स: ₹19,900/-₹63,200/-) Name of Post: Heavy Vehicle Driver 'A' – Level 2 (Pay Matrix: ₹19,900/- - ₹63,200/-) | | | | | | | | | |
| 781 | भारी वाहन चालक 'ए' Heavy Vehicle Driver 'A' | 05* | वलियमला Valiamala (05) | 02 | 02 | - | - | 01 | • एस एस एल सी /एस एस सी/मैट्रिक/ 10वीं कक्षा उत्तीर्ण Pass in SSLC/ SSC/ Matric/ 10th Std.<br>• पाँच वर्षों का अनुभव, इनमें से भारी वाहन चालक के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव तथा शेष अवधि में लघु मोटर वाहन के चालन का अनुभव 5 years experience, out of which minimum 3 years as Heavy Vehicle Driver and the balance period driving experience of Light Motor Vehicle.<br>• यदि सांविधिक हो तो, अभ्यर्थी के पास भा.वा.चा. का लाइसेंस एवं लोक सेवा बै होना चाहिए Must possess HVD licence and Public Service Badge, if statutory. |
| | | | | * कुल 05 पदों में से, 02 पद पूर्वसैनिकों के लिए आरक्षित है। Out of 05 posts, 02 posts are reserved for Ex-servicemen. | | | | | |

| पद सं Post No. | अध्ययन का विषय Discipline | रिक्तियों की संख्या No. of vacancies | तैनाती स्थान- एवं रिक्तियों की संख्या Place of Posting & No. of Vacancies | आरक्षण के विवरण Reservation Details | | | | | अनिवार्य योग्यताएं तथा अनुभव Essential Qualifications and Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना. UR | अ.पि.व OBC | अ.जा SC | अ.ज.जा ST | आ.क.व EWS | |
| पद का नाम: लघु वाहन चालक 'ए' –स्तर 2 ( वेतन मैट्रिक्स: ₹19,900/-₹63,200/-)<br>Name of Post: Light Vehicle Driver 'A' – Level 2 (Pay Matrix: ₹19,900/- - ₹63,200/-) | | | | | | | | | |
| 782 | लघु वाहन चालक 'ए' Light Vehicle Driver 'A' | 02* | वलियमला Valiamala (02) | 02 | - | - | - | - | • एस एस एल सी/एस एस सी/मैट्रिक/10 वीं कक्षा उत्तीर्ण Pass in SSLC/ SSC/ Matric/ 10th Std.<br>• लघु वाहन चालक के रूप में तीन वर्षों का अनुभव 3 years experience as Light Vehicle Driver.<br>• अभ्यर्थी के पास वैध ल.वा.चा. का लाइसेंस होना चाहिए। Must possess valid LVD licence |
| | | | | * कुल 02 पदों में से, 01 पद पूर्वसैनिकों के लिए आरक्षित है।<br>Out of 02 posts, 01 post is reserved for Ex-servicemen. | | | | | |
| पद का नाम: रसोइया - स्तर 2 ( वेतन मैट्रिक्स: ₹19,900/-₹63,200/-)<br>Name of Post : COOK - Level 2 (Pay Matrix: ₹19,900/- - ₹63,200/-) | | | | | | | | | |
| 783 | रसोइया Cook | 01 | वलियमला Valiamala (01) | - | - | 01 | - | - | • एसएसएलसी/एसएससी उत्तीर्ण/SSLC/SSC pass<br>• समान हैसियत में (रसोइया के रूप में) किसी सुस्थापित होटल/कैंटीन में 5 वर्ष का अनुभव/ 5 years experience in a similar capacity (as Cook) in a well established Hotel/Canteen |

[अना.-अनारक्षित/UR- Un-reserved, अ.पि.व -अन्य पिछड़ा वर्ग /OBC- Other Backward Class, अ.जा- अनुसूचित जाति/ SC- Scheduled Caste, अ.ज.जा.- अनुसूचित जन जाति/ ST- Scheduled Tribe,आ.क.व- आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग /EWS- Economically Weaker Section]

[पी डब्ल्यू बी डी–ओ एच-बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति/PWBD – Persons With Benchmark Disabilities, एम डी/MD – एकाधिक-दिव्यांगता/Multiple Disability, एल वी/LV – निम्न दृश्यता/Low Vision, एच एच/HH – बधिर/Hard of Hearing, ओ ए/OA – एक बाँह/One Arm, ओ एल/OL – एक पैर/One Leg, ओ ए एल/OAL – एक बाँह व एक पैर/One Arm and One Leg, डी डब्ल्यू/Dw – बौनापन/Dwarfism, एल सी/LC – उपचारित कुष्ठ रोग/Leprosy Cured, सी पी/CP – मस्तिष्क पक्षाघात/Cerebral Palsy, ओ एच/OH – अस्थि बाधित/Orthopedically Handicapped]

<u>सामान्य शर्तें/अनुदेश GENERAL CONDITIONS/INSTRUCTIONS</u>

1. पद अस्थायी हैं, किंतु इनके अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है।
   The posts are temporary, but likely to continue indefinitely.

2. अधिकतम आयु सीमा दिनांक 10.09.2024 तक 35 वर्ष है, लेकिन अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में 5 वर्षों की तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को 3 वर्षों की छूट, उनके लिए आरक्षित पदों हेतु दी जाएगी। भूतपूर्व-सैनिक, बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति, विभागीय अभ्यर्थी, मेधावी खिलाड़ी, विधवाएँ, तलाक़शुदा स्त्रियाँ तथा अपने पतियों से वैध रूप से अलग हुईं स्त्रियाँ जो पुनर्विवाहित नहीं हैं, समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, अधिकतम आयु सीमा में छूट के पात्र होंगी। सभी पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा18 वर्ष है। अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट लागू नहीं है। जन्म तिथि के संदर्भ में पात्रता निम्नवत है:

Maximum Age limit (as on 10.09.2024) is 35 years, but relaxable by 5 years in the case of SC/ST candidates and 3 years for OBC candidates for posts reserved for them. Candidates coming under other categories viz. Ex-servicemen, Persons With Benchmark Disabilities, Departmental candidates, Meritorious sportspersons, Widows, Divorced women and women judicially separated from their husbands and who are not remarried are eligible for age relaxation as per Govt. of India orders issued on the subject from time to time. Minimum Age limit is 18 years for all posts. Age relaxation is not applicable to SC/ST/OBC candidates applying against Un-reserved posts. Eligibility with reference to date of birth is given below:-

| पद सं<br>Post No | जन्म निम्नलिखित तिथियों के पहले न हुआ हो<br>Born not earlier than<br>(सामान्य/आ.क.व के अभ्यर्थियो के लिए)<br>(for General/EWS Candidates) | जन्म निम्नलिखित तिथियों के पहले न हुआ हो<br>Born not earlier than<br>(अ.पि.व के अभ्यर्थियो के लिए)<br>(for OBC Candidates) | जन्म निम्नलिखित तिथियों के पहले न हुआ हो<br>Born not earlier than<br>(अ.ज./अ.ज.जा के अभ्यर्थियो के लिए)<br>(for SC/ST Candidates) |
|---|---|---|---|
| 773 | 11.09.1989 | 11.09.1986 | 11.09.1984 |
| 774, 775, 780 | - | 11.09.1986 | - |
| 776, 781 | 11.09.1989 | 11.09.1986 | - |
| 777, 778, 782 | 11.09.1989 | - | - |
| 779 | 11.09.1989 | 11.09.1986 | 11.09.1984 |
| 783 | - | - | 11.09.1984 |

3. निर्धारित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त राज्य बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए।
The essential qualification should be from any recognized State Board/Institutions.

4. प्रत्येक पद के सामने जैसा कि उल्लिखित है , प्रारंभ में तैनाती का स्थान एल पी एस सी का कोई भी यूनिट होगा, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर पदधारियों को भारत में किसी भी स्थान पर स्थित इसरो या अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र या यूनिट में तैनात किया जा सकता है।
Initially the place of posting will be in any of the Units of LPSC as mentioned against each post, but the incumbents are liable to be posted in any of the Units / Centres of ISRO/Department of Space situated anywhere in India as and when required.

5. इसरो में वैज्ञानिक/तकनीकी कार्मिकों के लिए कैरियर में उन्नति, योग्यता पदोन्नति योजना पर आधारित है, जिसके अंतर्गत रिक्तियों पर बिना विचार किए निर्धारित कार्यकाल के बाद कर्मचारियों की समीक्षा की जाती है एवं उन्हें योग्यता के आधार पर अगले ग्रेड में पदोन्नत किया जाता है। प्रशासनिक कार्मिकों के लिए कैरियर में उन्नति रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर होंगी।
Career advancement for Scientific/Technical personnel in ISRO is based on Merit Promotion Scheme where the employees are reviewed and promoted to next grade on merit after a prescribed residency period without reference to vacancies. Career advancement for Administrative personnel will be on the basis of availability of vacancies.

6. केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार, इसरो के कर्मचारियों को स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा, सहायताप्राप्त कैंटीन, गृह निर्माण अग्रिम, छुट्टी यात्रा रियायत, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा उपाय - जैसे आकर्षक लाभ भी प्रदान किए जाते हैं।
Attractive benefits such as Medical Facilities for self and dependents, Subsidized Canteen, House Building Advance, Leave Travel Concession, National Pension System and other social security measures are also provided to ISRO employees as per Central Government Orders.

7. अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में, आरक्षण सिर्फ उन अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध होगा जो क्रीमी लेयर की श्रेणी में नहीं आते हैं। सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अन्य पिछड़े वर्ग के प्रमाण-पत्र(केंद्र सरकार रोजगार के लिए) में क्रीमी लेयर की श्रेणी से बाहर होने संबंधी अनुच्छेद विशेष रूप से शामिल होना चाहिए तथा यह नियत समय पर अद्यतित एवं वैध होना चाहिए।
In respect of OBC Candidates, reservation will be available only to candidates, who do not fall in the Creamy Layer. OBC certificates issued by the Competent Authority (for the purpose of Central Government employment) must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated/ valid at the relevant point of time.

8. आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस ) के अधीन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा डी ओ पी टी के का.ज्ञा.सं. 36039/1/2019-स्था (रेस.) दिनांक 31.01.2019 के निर्धारित फॉर्मेट में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र 10.09.2024 (यानी आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि) तक या उससे पहले प्राप्त किया होना चाहिए। आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस) के अभ्यर्थी, जो आ.क.व के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन कर रहे हैं , वित्त वर्ष (2023-2024) (वर्ष 2024-2025 के लिए मान्य) के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। उपर्युक्त का.ज्ञा. के साथ डी ओ पी टी के पत्र सं. No.43011/11/2022-Estt.(Res-II) दिनांक 19.09.2022 में अनुबंधित शर्तों का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में, ई डब्ल्यू एस के अंतर्गत आरक्षित पद का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा और यदि अभ्यर्थी सामान्य (अना.) श्रेणी के सभी पात्रता-शर्तों को पूरा करते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता/आवेदन पर विचार केवल सामान्य (अना.) श्रेणी की रिक्तियों के अंतर्गत किया जाएगा।
The Candidates applying against Economically Weaker Section (EWS) vacancy should have obtained Income and Asset Certificate issued on or before 10.09.2024 (i.e., last date of submission of application) by the Competent Authority in the format prescribed in DOPT OM No. 36039/1/2019-Estt (Res), dated 31.01.2019. The EWS candidates who are applying against vacancies reserved for EWS has to invariably upload the Income and Asset Certificate for the financial year (2023-2024) [Valid for the year 2024-2025) in the online recruitment portal. In case of non-compliance of the conditions stipulated in the aforesaid OM read along with DOPT letter No.43011/11/2022-Estt.(Res-II) dated 19.09.2022, the claim for reserved status under EWS will not be entertained and candidature/application of such candidates, if fulfilling all the eligibility conditions for General (UR) category will be considered under General (UR) vacancies only.

9. **अ.जा/अ.ज.जा/आ.क.व/पी डब्ल्यू बी डी/पूर्वसैनिक के लिए आरक्षित पदों के लिए आवेदन करनेवाले उम्मीदवारों को आवेदन करते समय संबंधित प्रमाण पत्र ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर अपलोड करना चाहिए।**
**The candidates applying for posts reserved for SC/ST/OBC/EWS/PWBD/Ex-servicemen should upload the relevant certificates in the Online Recruitment Portal while applying.**

10. केवल वही अभ्यर्थी, जिनके पास दिनांक 10.09.2024 तक अपेक्षित योग्यताएँ तथा अनुभव हैं, आवेदन कर सकते हैं।
Those who possess the required qualifications and experience as on 10.09.2024 only need to apply.

11. **चयन प्रक्रिया/SELECTION PROCESS**

चयन प्रक्रिया में (1) लिखित परीक्षा और (2) कौशल परीक्षा शामिल हैं।
The Selection process consists of (1) Written test and (2) Skill test.

## पद सं /Post No. 773 – 780:

**लिखित परीक्षाWritten test**

80 बहुविकल्पीय प्रश्नों (जिनमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए 1 अंक होगा) के साथ 90 मिनट की अवधि के लिए लिखित परीक्षा संचालित की जाएगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.33 ऋणात्मक अंक होगा। लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या पर आधारित होगा और परीक्षा इस प्रकार संचालित की जाएगी कि निर्धारित पाठ्यचर्या के विस्तार एवं इसकी गहराई को सम्मिलित करते हुये अभ्यर्थी के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक ज्ञान का परीक्षण किया जा सके।
The written test of 90 minutes duration will be conducted with 80 multiple choice questions carrying one mark for each correct answer. There will be a negative marking of 0.33 marks for each wrong answer. The syllabus of written test shall be curriculum based and the test will be conducted in such a way that theoretical and practical knowledge of the candidate is tested covering both breadth and depth of the prescribed curriculum.

**कौशल परीक्षा/Skill test:**

लिखित परीक्षा में निष्पादन के आधार पर , 1:5 के अनुपात में कम-से-कम 10 अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के लिए चयनित किए जाएँगे। कौशल परीक्षा विशुद्ध रूप से 'गो-नो-गो' के आधार पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक चयन के लिए नहीं माने जाएंगे। Based on the performance in the written test, candidates will be shortlisted for skill test in 1:5 ratio with a minimum of 10 candidates. The skill test will be purely on 'go-no-go' basis and marks obtained in the skill test will not be considered for selection.

विशुद्ध रूप से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अर्हता-प्राप्त अभ्यर्थियों में से अंतिम चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से चयन पैनल तैयार किया जाएगा। लिखित परीक्षा के अंक बराबर होने पर अधिसूचित अर्हता के शैक्षिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे।
The final selection will be done amongst qualified candidates, purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify the skill test, select panel will be drawn in the order of marks obtained in the written test. In case of a tie in the written test scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker.

लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा में उत्तीर्णता के मानदंड नीचे दिये गए हैं।
Pass criteria for the written test and skill test is given below.

| श्रेणी/Category | लिखित परीक्षा Written Test (अंक/marks) | कौशल परीक्षा Skill Test (अंक/marks) |
|---|---|---|
| अनारक्षित अभ्यर्थी Unreserved Candidates | 32/80 | 50/100 |
| आरक्षित अभ्यर्थी / Reserved Candidates * (यदि पद आरक्षित हो तभी Only if the post is reserved) | 24/80 | 40/100 |

* आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए अपनाए गए चयन मानदंडों पर ही चयन के हकदार होंगे।/The candidates belonging to EWS category are entitled for selection, similar to the standards of selection adopted for unreserved candidates.

## पद सं /Post No. 781 & 782:

**लिखित परीक्षाWritten test**

100 बहुविकल्पीय प्रश्नों (जिनमें से प्रत्येक प्रश्न सही उत्तर के लिए 1 अंक का होगा) के साथ 120 मिनट की अवधि के लिए लिखित परीक्षा संचालित की जाएगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 ऋणात्मक अंक होगा।
The written test of 120 minutes duration will be conducted with 100 objective type questions carrying one mark for each correct answer. There will be a negative marking of 0.25 marks for each wrong answer.

लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम नीचे दिया गया है।/The syllabus of written test is given below.

| क्रमांक/ Sl. No. | पाठ्यक्रम/Syllabus | आवंटित अंक/Marks Allotted |
|---|---|---|
| 1 | भाग-ए (मोटर वाहन अधिनियम , 1988 समय–समय पर यथासंशोधित, पर आधारित बहु-विकल्पीय प्रश्न) Part - A (Objective type questions based on Motor Vehicles Act 1988, as amended from time to time) | 50 अंक/marks |
| 2 | भाग-बी अँग्रेजी-(आठवीं कक्षा के स्तर की प्रारम्भिक अँग्रेजी) Part - B (English – Elementary English of 8th standard level) | 15 अंक/marks |
| 3 | भाग-सी (अंकगणित- 10 वीं कक्षा के स्तर का प्रारम्भिक अंकगणित) Part - C (Arithmetic – Elementary Arithmetic of 10th Standard level) | 15 अंक/marks |
| 4 | भाग-डी (सामान्य ज्ञान) Part - D (General Knowledge) | 20 अंक/marks |

जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के भाग-ए में न्यूनतम 50% और भाग-बी, भाग-सी एवं भाग-डी में मिलाकर न्यूनतम 50% अंक हासिल करेंगे, वे कौशल परीक्षा के लिए चयनित किए जाने के लिए पात्र माने जाएंगे।

Those who secure a minimum of 50% marks in Part-A and minimum of 50% marks in Part-B, Part-C and Part-D combined in the written test will be eligible for consideration for short listing for skill test.

**<u>कौशल परीक्षा/Skill test:</u>**

लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर , 1:5 के अनुपात में कम-से-कम 10 अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के लिए चयनित किए जाएँगे। कौशल परीक्षा विशुद्ध रूप से 'गो-नो-गो' के आधार पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक चयन के लिए नहीं माने जाएँगे। उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 60% अंकों के साथ 100 पॉइंट स्केल पर कौशल परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा।

Based on the performance in the written test, candidates will be shortlisted for skill test in the ratio of 1:5 with a minimum of 10 candidates. The skill test will be purely on 'go-no-go' basis and marks obtained in the skill test will not be considered for selection. The skill test shall be evaluated on a 100 points scale with minimum 60 % score for qualification.

विशुद्ध रूप से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अर्हता-प्राप्त अभ्यर्थियों में से अंतिम चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से चयन पैनल तैयार किया जाएगा। लिखित परीक्षा के अंक बराबर होने पर अधिसूचित अर्हता के शैक्षिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे।

The final selection will be done amongst qualified candidates, purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify in the skill test, select panel will be drawn in the order of marks obtained in the written test. In case of a tie in the written test scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker.

## <u>पद सं /Post No. 783:</u>

**<u>लिखित परीक्षाWritten test</u>**

80 बहुविकल्पीय प्रश्नों (जिनमें से प्रत्येक प्रश्न सही उत्तर के लिए 1 अंक का होगा) के साथ 120 मिनट की अवधि के लिए लिखित परीक्षा संचालित की जाएगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 ऋणात्मक अंक होगा। लिखित परीक्षा इस प्रकार से संचालित की जाएगी ताकि कुकिंग, रसोई में प्रयुक्त उपकरणों, सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी एवं अंकगणित (एस एस एल सी/मैट्रिक स्तर) में अभ्यर्थी के सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक ज्ञान का परीक्षण किया जा सके।

The written test of 120 minutes duration will be conducted with 80 objective type questions carrying one mark for each correct answer. There will be a negative marking of 0.25 marks for each wrong answer.
The Written test will be conducted in such a way to test the theoretical and practical knowledge of the candidate in cooking, equipments used in kitchens, General Knowledge, General English and Arithmetic (SSLC/Matriculation level).

**<u>कौशल परीक्षा/Skill test:</u>**

लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर , 1:5 के अनुपात में कम -से-कम 10 अभ्यर्थी कौशल परीक्षा के लिए चयनित किए जाएँगे। कौशल परीक्षा विशुद्ध रूप से 'गो-नो-गो' के आधार पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्त अंक चयन के लिए नहीं माने जाएँगे। उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 60% अंकों के साथ 100 पॉइंट स्केल पर कौशल परीक्षा का मूल्यांकन किया जाएगा।

Based on the performance in the written test, candidates will be shortlisted for skill test in the ratio of 1:5 with a minimum of 10 candidates. The skill test will be purely on 'go-no-go' basis and marks obtained in the skill test will not be considered for selection. The skill test shall be evaluated on a 100 points scale with minimum 60 % score for qualification.

विशुद्ध रूप से लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अर्हता-प्राप्त अभ्यर्थियों में से अंतिम चयन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के क्रम में कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों से चयन पैनल तैयार किया जाएगा। लिखित परीक्षा के अंक बराबर होने पर अधिसूचित अर्हता के शैक्षिक अंक टाई-ब्रेकर होंगे।

The final selection will be done amongst qualified candidates, purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify in the skill test, select panel will be drawn in the order of marks obtained in the written test. In case of a tie in the written test scores, the academic scores of the notified qualification will be the tie-breaker.

12. लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा केवल तिरुवनंतपुरम (केरल) के उचित स्थानों पर संचालित की जाएगी ।
The Written Test and Skill Test will be conducted at suitable venues in Thiruvananthapuram (Kerala) only.

13. लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता/ट्रेन किराया/बस किराया आदि नहीं दिया जाएगा।
Travelling allowance / train fare / bus fare etc. will not be paid to the candidates for attending written test.

14. कौशल परीक्षा के लिए बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को, रेलवे टिकट प्रस्तुत करने पर सबसे छोटे मार्ग से तय की गई यात्रा का आने/जाने के द्वितीय श्रेणी के रेल किराए का भुगतान किया जाएगा, यदि वे इस उद्देश्य के लिए भारतीय रेलवे द्वारा प्रदत्त छूट का लाभ नहीं उठा रहे हैं या बस टिकट प्रस्तुत करने पर बस किराए का भुगतान किया जाएगा।
Outstation candidates called for Skill Test will be paid to and fro Second Class Railway fare by the shortest route on production of railway ticket or bus fare on production of bus ticket, in case they are not availing the concession offered by Indian Railways for the purpose.

15. केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों आदि में कार्यरत अभ्यर्थियों को वर्तमान नियोक्ता को सूचित करते हुए आवेदन करना होगा एवं उन्हें नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।
Candidates working in Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous bodies etc. have to apply under intimation to their present employer and they will be allowed to attend the written test/skill test only on production of **No Objection Certificate** from their employer.

16. अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के समय उनके आवेदन में प्रस्तुत विवरणों के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे। वैसे अभ्यर्थी, जो उक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल हो जाते हैं, उन्हें कौशल परीक्षा में उपस्थित नहीं होने दिया जाएगा एवं उन्हें यात्रा भत्ता भी नहीं दिया जाएगा।
Candidates will have to produce original documents for verification as proof of the details furnished in their application at the time of Skill Test. Those who fail to produce the said documents will not be allowed to attend the skill test and Travelling Allowance will not be paid.

17. पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा,कौशल परीक्षा आदि की सूचना केवल ई-मेल/एल पी एस सी वेबसाइट के माध्यम से ही दी जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को आवेदन प्रस्तुत करते समय अनिवार्य रूप से सही ई-मेल आई डी प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।
Intimations to eligible candidates for Written Test, Skill Test etc. will be sent through e-mail/LPSC website only. For this purpose, candidates are required to furnish their e-mail ID **CORRECTLY and COMPULSORILY** while submitting the application.

18. इस संबंध में किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
No interim correspondence in this regard will be entertained.

19. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।
Only Indian Nationals need apply.

20. केंद्र पदों में से किसी भी पद को न भरने का अधिकार रखता है, यदि यह ऐसा निर्णय लेता है।
The Centre reserves the right not to fill-up any of the posts, if it so decides.

21. किसी भी प्रकार का पक्ष-प्रचार अपात्रता माना जाएगा।
Canvassing in any form will be a disqualification.

22. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन करें।
Those intending to apply for more than one post should apply separately for each post.

23. विनिर्दिष्ट पूर्ण जानकारी, फोटो, आदि के बिना प्रस्तुत आवेदन सरसरी तौर पर निरस्त कर दिए जाएँगे।
Applications submitted without complete information, photo, etc. as specified will summarily be rejected.

24. सरकार एक ऐसा कार्यदल बनाने का प्रयास करती है, जिसमें लिंग-संतुलन प्रतिबिम्बित हो और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है।
Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.

25. **<u>कैसे आवेदन करें/How to apply.</u>**

- आवेदन केवल ऑन-लाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।
  Applications will be received online only.
- ऑन-लाइन भर्ती पोर्टल दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 1400 बजे से दिनांक 10.09.2024 को अपराह्न 1400 बजे तक उपलब्ध रहेगा।
  The online Recruitment Portal will be available from 1400 hrs on 27.08.2024 to 1400 hrs on 10.09.2024.

- <u>फोटोग्राफ की अपलोडिंग/Uploading Photograph</u>

a) अपलोड किए गए फोटो में अभ्यर्थी का चेहरा साफ दिखना चाहिए।
Uploaded photo should clearly show the face of the applicant.

b) फोटो का बैकग्राउंड श्वेत या अन्य किसी हल्के रंग का होना चाहिए।
The background should be white or any other light colour.

c) आँखें स्पष्ट दिखनी चाहिए तथा काले चश्मे सेढँकी नहीं होनी चाहिए।
The eyes should be clearly visible and not covered by dark glasses.

d) वे आवेदन, जिनमें अपलोड किए गए फोटो से आवेदकों की ठीक से पहचान नहीं की जा सकती, अमान्य माने जाएंगे।
Applications in which the applicant cannot be clearly identified using the uploaded photo will be considered invalid.

e) अधिकतम फाइल साइज़ 40 के बी तक निर्धारित है।
Maximum file size permitted is 40 KB.

f) अपलोड किया गया फोटो जे पी जी/जे पी ई जी फॉर्मेट में होना चाहिए।
Uploaded image should be in JPG/JPEG format.

g) फोटो की ऊंचाई एवं चौड़ाई (विभेदन) 95 पिक्सल या उससे अधिक तथा 100 पिक्सल या उससे कम होनी चाहिए।
The Height and Width (resolution) of the photo should each be greater than or equal to 95 pixels & less than or equal to 100 pixels.

h) फाइल के नाम की लंबाई (एक्टेंशन सहित) 25 या इससे कम वर्णों की होनी चाहिए।
The length of the file name (including extension) should be less than or equal to 25 characters.

i) फाइल के नाम में केवल वर्ण एवं संख्याएँ होनी चाहिए।
File name should have only alphabets and numbers.

j) यदि आप फोटो बदलना चाहते हैं, तो कृपया ब्राउज़ कर नये फोटो का चयन करें।
If you want to change your photo, please browse and select a new photo.

k) आवेदक को यह सुनिश्चित करना होगा कि केवल वायरस-मुक्त फोटो ही अपलोड किया गया है। यदि अपलोड किए गए फोटो में कोई मैलवेयर पाया जाता है, तो आवेदन अमान्य माना जाएगा।
Applicant should ensure that only virus free image is uploaded. In case, any malware is detected in the uploaded photo, the application will be considered as invalid.

- पंजीकरण के बाद, आवेदकों को एक ऑन-लाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी तथा अभ्यर्थियों को भविष्य में संदर्भ हेतु पंजीकरण संख्या को नोट करने की सलाह दी जाती है।
  Upon registration, applicants will be provided with an on-line registration number and candidates are advised to note down the registration number for future reference.

26. **आवेदन शुल्क का भुगतान/ Payment of Application fee**

पद सं 773 & 774 के लिए/For Post No. 773 & 774:

- प्रारम्भ में सभी आवेदकों को समान रूप से आवेदान शुल्क के रूप में ₹750/- (मात्र सात सौ पचास रूपये ) का भुगतान करना होगा।
  Initially, all applicants have to uniformly pay ₹750/- (Rupees Seven Hundred and Fifty only) as application fee.
- शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणियों के अभ्यर्थियों (महिला/अ .जा./अ.ज.जा/पी डब्ल्यू बी डी/भूतपूर्व सैनिक) को पूरा शुल्क वापस कर दिया जाएगा।
  Candidates belonging to fee-exempted categories (Female/SC/ST/PWBD/Ex-Servicemen) will be refunded the full fee.
- अन्य अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का ₹250/- रखकर शेष ₹500/- वापस कर दिया जाएगा।
  Other candidates will be refunded ₹500/- after retaining the application fee of ₹250/-.

पद सं 775-783 के लिए / For Post No. 775 – 783:

- प्रारम्भ में सभी आवेदकों को समान रूप से आवेदन शुल्क के रूप में ₹500/- (मात्र पाँच सौ रूपये) का भुगतान करना होगा।
  Initially, all applicants have to uniformly pay ₹500/- (Rupees Five Hundred only) as application fee.
- शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणियों के अभ्यर्थियों (महिला/अ.जा./अ.जजा/पी डब्ल्यू बी डी/भूतपूर्व सैनिक) को पूरा शुल्क वापस कर दिया जाएगा।
  Candidates belonging to fee-exempted categories (Female/SC/ST/PWBD/Ex-Servicemen) will be refunded the full fee.
- अन्य अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क का ₹100/- रखकर शेष ₹400/- वापस कर दिया जाएगा।
  Other candidates will be refunded ₹400/- after retaining the application fee of ₹100/-.

- शुल्क-वापसी, केवल लिखित परीक्षा में उपस्थित होनेवाले अभ्यर्थियों को ही ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी और अतः अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय बैंक खाता विवरण , जैसे-नाम, खाता संख्या, आई एफ एस सी कोड आदि प्रदान करें। यदि अभ्यर्थी सटीक/पूर्ण विवरण प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो शुल्क वापसी के सबंध में केंद्र उत्तरदायी नहीं होगा।
  Refund will be made through online only to those candidates who appear for the written test and the candidates should provide their Bank account details such as Name, Account No., IFSC Code, etc. while submitting online application. Centre will not own any responsibility regarding refund of the fees to those who fail to provide correct/complete account details.
- शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणियों के अभ्यर्थियों को शुल्क वापस लेने के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्र (अ .जा./अ.जजा/दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक) ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। अन्य श्रेणियों (अ .जा./अ.जजा./ दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक को छोड़कर) की महिला अभ्यर्थियों को शुल्क वापस लेने के लिए कोई भी प्रमाण-पत्र अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है।
  Candidates belonging to fee exempted categories have to upload applicable certificate (SC/ST/Disability/ Ex-Servicemen) in the Online Recruitment Portal for fee refund. Female candidates belonging to other categories (other than SC/ST/PWBD/Ex-Service) need not upload any certificates for the purpose of fee refund.
- अभ्यर्थी ऑन-लाइन आवेदन प्रस्तुत करने के तुरंत बाद शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। यदि अभ्यर्थी शुल्क का भुगतान बाद में करना चाहते हैं, तो वे 11.09.2024 को 1400 बजे तक शुल्क का भुगतान ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर उपलब्ध 'भुगतान करें' विकल्प पर क्लिक करके कर सकते हैं। भुगतान का कोई और माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। भुगतान प्रक्रिया के दौरान किसी भी त्रुटि/विफलता के मामले में, अगला प्रयास 30 मिनट के बाद ही किया जा सकता है।

Candidates can make the payment online immediately after submitting the online application. If the candidate wishes to make the payment later, he/she can pay the fee upto 1400 hrs on 11.09.2024 by clicking 'Make payment' option available in the online recruitment portal. No other mode of payment will be accepted. In case of any errors/failures during the payment process, the next attempt can be made only after 30 minutes.

- आवेदन शुल्क के भुगतान के दौरान बैंक लेनदेन / उपयोगकर्ता शुल्क, यदि कोई हो, उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा।
  Bank transaction / User charges, if any, during the payment of application fee shall be borne by the candidates.

- कृपया यह नोट करें कि ऑनलाइन पंजीकरण के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के बाद, अभ्यर्थियों को आवेदन प्रिंटआउट, प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ, भुगतान रसीद आदि सहित कोई भी अन्य दस्तावेज एल पी एस सी को भेजने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी, वे अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में उपस्थित हुए , ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर अपने सभी संबंधित (शैक्षिक योग्यताएँ, अनुभव आदि) संगत प्रमाण पत्र अपलोड करेंगे, जिसके लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल पर प्रावधान लिखित परीक्षा की तिथि से दो सप्ताह के भीतर सक्रिय कर दिया जाएगा। प्रमाण-पत्रों को अपलोड करने का प्रावधान केवल एक विशिष्ट अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा तथा इसे लिखित परीक्षा के बुलावा-पत्र में लिखा जाएगा। अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रमाण-पत्रों (डाक , प्रत्यक्ष हस्तांतरण आदि) पर विचार नहीं किया जाएगा।
  Please note that on successful completion of online registration, the candidates need not send any documents including application printouts, copies of certificates, payment receipts, etc. to LPSC. However, the candidates who attended the written test have to upload all the relevant certificates pertaining to them (Educational qualifications, Experiences, etc.) in the online recruitment portal, the provision for which will be enabled within two weeks from the date of written test. Provision for uploading the certificates will be available only for a specific duration and the same will be mentioned in the written test call letter. Certificates received through other modes (post, email, Direct handing over etc.) will not be considered.

- राष्ट्रीय वृत्ति सेवा (एन सी एस) पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत तथा योग्यता शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी एल पी एस सी के वेबसाइट पर जाएँ तथा उपर्युक्त उसी आवेदन प्रक्रिया का अनुसरण करें।
  The candidates registered under National Career Service (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit LPSC website and follow the same application procedure as stated above.

*नोट: डुप्लिकेट/अनेक आवेदन प्रस्तुत करने की स्थिति में, आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि के भीतर नवीनतम आवेदन, जिसके लिए आवेदन शुल्क प्राप्त हुआ है, पर विचार किया जाएगा।*
*Note: In case of submission of duplicate/multiple applications, the latest application against which application fee has been received within the last date of payment of application fee only will be considered.*

27. **<u>याद रखने योग्य महत्त्वपूर्ण तिथियाँ/Important dates to remember</u>**

- ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण 27.08.2024 को 1400 बजे से शुरू होगा तथा 10.09.2024 को 1400 बजे बंद हो जाएगा।
  Online application registration opens from 1400 hrs on 27.08.2024 (Tuesday) and closes at 1400 hrs on 10.09.2024 (Tuesday).

- आवेदन शुल्क का भुगतान दिनांक 11.09.2024 को 1400 बजे तक बंद हो जाएगा।
  Payment of application fee closes at 1400 hrs on 11.09.2024 (Wednesday).

******************